दिनांक: 02.09.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

प्रदेश में जल जीवन मिशन के तहत हर घर में पानी पहुंचाने के लक्ष्य की समय सीमा एक साल के लिए बढ़ाई गई है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल ने भीलवाडा में मीडिया से बातचीत करते हुए ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान सरकार ने मिशन के तहत 12 लाख नए कनेक्शन प्रदान किए हैं और बचे हुए लक्ष्य को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए विभागीय अधिकारियों के साथ लगातार समीक्षा की जा रही है। इससे पहले मंत्री ने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जल जीवन मिशन, अमृत–2 सहित विभागीय योजनाओं और परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में श्री कन्हैयालाल ने कहा कि राज्य सरकार पेयजल से जुड़ी हर समस्या के समाधान के लिए लगातार प्रयास कर रही है और प्रदेश की जनता को पानी के लिए परेशान नहीं होने दिया जाएगा।

000

राज्य में आज से एडीजी रैंक के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अपनी–अपनी रेंज का दौरा कर कानून व्यवस्था, अपराधों की रोकथाम तथा लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर रहे हैं। पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने बताया कि सभी एडीजी समीक्षा कर विस्तृत रिपोर्ट पेश करेंगे। श्री साहू ने बताया कि सभी रेंज प्रभारी एडीजी अपने दौरे के दौरान सुरक्षा सखियों से बात कर महिला और बाल अपराधों से संबंधित मामलों के बारे में अलग से फीडबैक लेंगे। इसके साथ ही सभी रेंज में निर्भया स्क्वाड, एंटी रोमियो स्क्वाड और महिला हेल्पलाइन की सक्रियता की भी विस्तार से समीक्षा की जाएगी।

000

भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान आज से शुरू हो रहा है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनकी सदस्यता का नवीकरण प्रमाण पत्र देकर अभियान का शुभारंभ करेंगे। भारतीय जनता पार्टी के सभी वर्तमान सदस्यों को अपनी सदस्यता का नवीकरण कराना होगा। पार्टी संविधान के अनुसार प्रत्येक पांच से छह वर्ष पर सदस्यता अभियान चलाया जाता है। यह अभियान आज से दस नवम्बर तक विभिन्न चरणों में आयोजित होगा। मिस्ड कॉल और क्यू आर कोड स्कैन कर और पार्टी की वेबसाइट के माध्यम से सदस्यता ली जा सकेगी। जिन क्षेत्रों में इंटरनेट सुविधा नहीं होगी, वहां पर ऑफलाइन भी सदस्यता ग्रहण की जा सकेगी। इधर, प्रदेश में भाजपा सदस्यता अभियान कल से शुरू होगा। प्रदेश के सभी 51 हजार बूथों पर एक करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान के प्रदेश संयोजक अरूण चतुर्वेदी ने बताया कि कल मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड सहित भाजपा पदाधिकारी सदस्यता ग्रहण करेंगे।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पेरिस पैरालिंपिक में पुरुषों की ऊंची कूद टी47 स्पर्धा में रजत पदक जीतने पर निषाद कुमार को बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने पैरालिंपिक में लगातार रजत पदक जीतने पर उनकी सराहना करते हुए कहा कि वे देश के सभी एथलीटों के लिए प्रेरणा बनेंगे।
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी निषाद कुमार को बधाई दी है। अपने सोशल मीडिया संदेश में प्रधानमंत्री ने एथलीट के उत्साह और दृढ़ संकल्प की प्रशंसा करते हुए कहा कि देश को निषाद पर गर्व है।

000

राज्य में पिछले 24 घंटों में राजधानी जयपुर सहित कई स्थानों पर बादल गरजने के साथ बारिश हुई। अलवर, सीकर, अजमेर और नागौर जिलों में कहीं—कहीं भारी तथा जयपुर जिले में कुछ स्थानों पर अति भारी बरसात दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा 12 सेंटीमीटर बारिश जयपुर में रिकॉर्ड हुई। अजमेर के नसीराबाद में 11, अलवर के थानागाजी और जयपुर के बस्सी में 8—8 सेंटीमीटर पानी बरसा। विभाग ने विभिन्न स्थानों पर आज से तेज बारिश का दौर शुरू होकर एक सप्ताह तक जारी रहने की संभावना व्यक्त की है। विभाग के अनुसार कोटा और उदयपुर संभाग में कहीं—कहीं भारी बारिश होने तथा जयपुर, जोधपुर और अजमेर संभाग के कुछ भागों में मेघगर्जन के साथ मध्यम बारिश होने की संभावना है। पूर्वी राजस्थान के कई भागों में बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होगी। जोधपुर और बीकानेर संभाग के कुछ भागों में हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान है।

000

उदयपुर—आगरा वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के आज सवाईमाधोपुर रेलवे स्टेशन पहुंचने पर विभिन्न संगठनों की ओर से स्वागत किया गया। इस ट्रेन का आज से सवाईमाधोपुर और गंगापुर सिटी में रेलवे स्टेशनों पर ठहराव शुरू हुआ है। ये सेमी हाई स्पीड ट्रेन सप्ताह में तीन दिन सोमवार, गुरुवार तथा शनिवार को चलाई जा रही है।

इधर, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज दोपहर बाद वरिष्ठ नागरिक तीर्थ योजना के तहत पहली यात्री ट्रेन को दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

000